# बिहार सरकार
# ग्रामीण कार्य विभाग

विभागीय वेबसाइट
E-mail

पत्रांकः–BRRDA(HQ)-PMGSY-89/2022-(Part-VI) -2002 अनु0 /पटना,दिनांक– 1/8/2022

प्रेषक,

भगवत राम,
मुख्य अभियंता–4–सह–वरीय प्रभारी, PMGSY
ग्रामीण कार्य विभाग, पटना, बिहार।

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, **वायसी, औरंगाबाद एवं मोहनियाँ।**

**विषयः प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत दिनांक– 29/07/2022 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही के संबंध में।**

महाशय,

विषयांकित दिनांक– 29/07/2022 को संपन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही संलग्न कर भेजते हुए निदेश दिया जाता है कि आवंटित कार्य के त्वरित कार्यान्वयन हेतु अगले दो दिनों के अन्दर संबंधित निविदाकार को कार्यादेश (Letter of Acceptance) निर्गत करें एवं उसकी एक प्रति ज्ञापन लगाकर ब्राडा को मेल के द्वारा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यादेश निर्गत करने के अगले दस दिनों के अन्दर संबंधित निविदाकार के साथ एकरारनामा करते हुए तत्क्षण एकरारनामा की विवरणी OMMAS पर Upload कराना भी सुनिश्चित किया जाय। इस प्रगति से भी ब्राडा को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

निर्धारित समय सीमा में निर्दिष्ट कार्य का पूरा किया जाना अनिवार्य है।

**अनु0ः–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

29/07/2022

(भगवत राम)
मुख्य अभियंता–4–सह–
वरीय प्रभारी, PMGSY

ज्ञापांकः–BRRDA(HQ)-PMGSY-89/2022-(Part-VI) -2002 अनु0 /पटना, दिनांक– 1/8/2022

प्रतिलिपिः अनु0 के साथ मुख्य अभियंता–**1, एवं 2,** ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, **पूर्णियाँ, औरंगाबाद एवं सासाराम** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/07/2022

मुख्य अभियंता–4–सह–
वरीय प्रभारी, PMGSY

ज्ञापांकः–BRRDA(HQ)-PMGSY-89/2022-(Part-VI) -2002 अनु0 /पटना, दिनांक– 1/8/2022

प्रतिलिपिः IT प्रबंधक, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/07/2022

मुख्य अभियंता–4–सह–
वरीय प्रभारी, PMGSY

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

**दिनांक– 29.7.22 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थिति :–
श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, BRRDA।
श्री संजय दूबे, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, BRRDA।
श्री अशोक कुमार मिश्रा, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग।

**2.** बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–I & III अन्तर्गत e-tendering के माध्यम से प्राप्त की गयी **02** निविदाओं में संबंधित अधीक्षण अभियंताओं की अध्यक्षता में गठित तकनीकी बीड समिति द्वारा तकनीकी रूप से योग्य घोषित किये गये निविदाकारों के वितीय बीडों [जो संचिका संख्या–BRRDA(HQ)-PMGSY-89/2022-(Part-VI) के पत्राचार खण्ड के पृष्ठ–344 से 293 पर रक्षित] के प्रस्तावों पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिन पर सम्यक विचारोपरांत निम्नवत निर्णय लिया गया :–

**Summary of Financial Bids**

| Sl. No. | Division | Group No./ Package No. | Name of Road/Bridge | Date of Tender Received | AA Amount (in lacs) | Total Bidders | No. of Tech. Qualified Bidders | Lowest Bidder's Name | Bid Amt. (Rs. In Lacs) Total Cost | Quoted Rate (%) | Tender Award Amount (in lacs) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | Baisi | BR-27R-265 | L055-T02 to Asiani (Remaining work) (Tender Id-119082) | 30.06.2022 | 181.63 | 2 | 2 | Prabhakar Construction Company | 147.96992 | (-)0.05 | 147.89594 | स्वीकृत। |
| 2 | Aurangabad | BR02P3R09 | T11-SIRIS MORE TO NABINAGAR (Tender Id-119148) | 11.07.2022 | 1758.67 | 8 | 8 | ARVIND SINGH | 2072.48700 | (-)27.51 | 1502.34582 | निविदाकार द्वारा समर्पित विस्तृत मूल्य विश्लेषण (Detail Price analysis) एवं अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद के पत्रांक–986 अनु0 दिनांक–28.07.2022 से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में स्वीकृत। |

3. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–III अन्तर्गत कार्य प्रमंडल, मोहनियाँ के क्षेत्राधीन पैकेज संख्या–BR05P3R04 (Tender Id-117764) हेतु प्राप्त किये गये निविदा के संबंध में दिनांक 27.05.2022 को संपन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक में तकनीकी बीडों पर सम्यक विचारोपरान्त की गयी अनुशंसा के आलोक में तकनीकी रूप से सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोला गया।

वित्तीय बीड पर निर्णय लेने हेतु प्राधिकृत विभागीय निविदा समिति के दिनांक 08.06.2022 को सम्पन्न बैठक में न्यूनतम दर निविदाकार श्री अविनाश कुमार (बीड आई0डी0–505108) के पक्ष में BRDDA पत्रांक 1419 अनु0 दिनांक 08.06.2022 के द्वारा स्वीकृत्यादेश निर्गत किया गया।

तदोपरान्त श्री Rakesh Kumar Singh के दिनांक 09.06.2022 एक परिवाद पत्र (जो मुख्य सचिव बिहार को संबोधित है) द्वारा कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, मोहनियाँ को सूचित किया गया कि उक्त निविदा में निविदाकार ABHINASH KUMAR द्वारा संलग्न सभी समरूप कार्य अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी है। इस परिवाद पत्र के आलोक Tender Id-117764 में संवेदक श्री अविनाश कुमार के द्वारा संलग्न समरूप कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र (राशि 272.84950 लाख) की जाँच कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, इमामगंज से कराया गया एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, इमामगंज द्वारा इस अनुभव प्रमाण पत्र को फेक (जाली) बताया गया एवं कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, मोहनियाँ ने पत्रांक 1182 दिनांक 18.07.2022 द्वारा निविदाकार Abhinash Kumar (Bid Id-505108) के स्वीकृत्यादेश को रद्द करते हुए पुनर्निविदा करने की अनुशंसा की गयी।

उपर्युक्त परिवाद पत्र (मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा अग्रसारित दिनांक 28.06.2022 को BRRDA कार्यालय में प्राप्त) के आलोक में BRRDA पत्रांक–1701 अनु0, दिनांक 04.07.2022 के द्वारा अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सासाराम से प्रतिवेदन की माँग की गई।

वस्तुतः निविदा के साथ संलग्न उक्त वर्णित कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर ही निविदाकार Abhinash Kumar (Bid Id-505108) के तकनीकी बीड पर निर्णय लिया गया था।

उपर्युक्त परिपेक्ष्य में BRRDA पत्रांक–1701 अनु0, दिनांक 04.07.2022 के अनुपालन में अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सासाराम की अध्यक्षता में तकनीकी बीड समिति की बैठक में दिनांक 27.07.2022 को संपन्न बैठक में उपर्युक्त निविदा पर पुनः विचार किया गया एवं तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार Abhinash Kumar (Bid Id-505108) को SBD के कंडिका 4.4A(b) के आलोक में समरूप कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र जाँचोपरान्त जाली पाये जाने के कारण (कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, इमामगंज से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन) तकनीकी बीड में अयोग्य घोषित किया गया।

4. इस क्रम में प्राधिकृत विभागीय निविदा समिति के द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्नवत निणय लिया गया :–

**Summary of Financial Bids**

| Sl. No. | Division | Group No./ Package No. | Name of Road/Bridge | Date of Tender Received | AA Amount (in lacs) | Total Bidders | No. of Tech. Qualified Bidders | Lowest Bidder's Name | Bid Amt. (Rs. In Lacs)<br>Total Cost | Quoted Rate (%) | Tender Award Amount (in lacs) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 3 | Mohania | BR05P3R04 | MRL05-FROM RCD ROAD GARRA TO PARSOTIMPUR VIA KANHUA, MUSLIM TOLA **(Tender Id-117764)** | 06.05.2022 | 539.92 | 20 | 11 | ABHINASH KUMAR | 548.81458 | (-)20.99 | 433.6184 | 1. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोहनियाँ का पत्रांक–1182 दिनांक–18.07.2022 से प्राप्त अनुशंसा एवं तकनीकी बीड समिति की दिनांक–27.07.2022 को संपन्न बैठक की कार्यवाही एवं SBD के ITB की कंडिका 32.7 के आलोक में BRRDA का पत्रांक 1419 अनु0 दिनांक 08.06.2022 से निर्गत स्वीकृत्यादेश के क्रमांक 14 को अवक्रमित करते हुए इस कार्य की निविदा रद्द किया जाता है।<br>2 निविदा में गलत अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करने वाले निविदाकार के विरूद्ध विभागीय निबंधन नियमावली, SBD के सुसंगत कंडिकाओं के तहत आवश्यक कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज की जाय।<br>3. PMGSY SBD के ITB की कंडिका 28.1 के आलोक में पुनर्निविदा की कार्रवाई की जाय। |

5. स्वीकृत निविदाओं के कार्य आवंटन आदेश निर्गत करने के पूर्व अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता निम्न तथ्यों से संतुष्ट हो लेंगेः–

   (i) इन योजनाओं पर सक्षम प्राधिकार द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन तथा तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं परिमाण विपत्र अनुमोदित है। यदि परिमाण विपत्र की राशि मूल प्रशासनिक अनुमोदन की राशि से 20% अधिक है, तो पुनरीक्षित प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाए।

   (ii) PMGSY SBD (ITB) की कंडिका–16 के आलोक में वांछित अग्रधन की राशि विहित प्रपत्र जैसा है।

   (iii) पैकेज संख्या, पथ/पुल का नाम, परिमाण विपत्र की राशि, तकनीकी स्वीकृति की राशि, संवेदक द्वारा उद्धत दर, Bid Capacity आदि सही है।

   (iv) संवेदक Defaulter/ काली सूची/कार्यों को लंबित रखने वाले संवेदकों की सूची में नहीं है।

6. एकरारनामा के पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता निविदा में संलग्न सभी अभिलेख की मूल प्रति से सत्यापित कर संतुष्ट हो लेंगे।

7. **संबंधित अधीक्षण अभियंता, एकरारनामा की सभी कंडिकाओं के अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु साप्ताहिक अन्तराल पर कार्यों का भौतिक पर्यवेक्षण करेंगे तथा मुख्य रूप से PMGSY SBD की GCC की निम्न कंडिकाओं को कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायेंगेः–**

   (i) संवेदक के द्वारा कार्यों को Sublet करने से पूर्व कार्यपालक अभियंता से लिखित अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है तथा संवेदक के द्वारा किसी भी परिस्थिति में कार्य के 25% से अधिक की राशि का कार्य Sublet नहीं किया गया है। (कंडिका–7)

   (ii) संवेदक द्वारा कार्य के लिये निविदा में निर्धारित कर्मियों को स्थल पर प्रतिनियुक्त किया गया है। (कंडिका–9)

   (iii) Contractor's Risk के अन्तर्गत आने वाले मदों के लिये निर्धारित अवधि के लिये नियोक्ता एवं संवेदक के संयुक्त नाम से बीमा करा लिया गया है। बीमा पॉलिसी एवं बीमा कराने का प्रमाण पत्र संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ से पूर्व कार्यपालक अभियंता को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। (कंडिका–13)

   (iv) निविदा में निर्धारित Key Equipments/Machinery स्थल पर उपलब्ध करा दिया गया है। ( G.C.C. के contract data का क्रम संख्या–15)

   (v) संवेदक द्वारा ग्रामीण पथों/पुलों के लिए निर्धारित विशिष्टियों और अनुमोदित नक्शा के आलोक में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु कार्यपालक अभियंता के निर्देशानुसार अतिरिक्त यंत्र–संयंत्र एवं कर्मी कार्य स्थल पर लगाया गया है। (कंडिका–16)

   (vi) Work Programme समर्पित किया गया है। (कंडिका–17)

(vii) कार्य स्थल पर प्रयोगशाला स्थापित किया गया है तथा उसमें निविदा में निर्धारित उपकरण उपलब्ध है। (कंडिका–31.1 एवं G.C.C. के contract data का क्रम संख्या–18)

(viii) संवेदक से कार्य के लिए निर्धारित लक्ष्यों को ससमय पूर्ण न किये जाने पर संवेदक से एकरारनामा के अनुसार Liquidated Damages वसूल किया जा रहा है। (कंडिका–44.1)

(ix) संवेदक के द्वारा "As Built" Drawing आवश्यकतानुसार संबंधित कार्यपालक अभियंता को उपलब्ध कराया जा रहा है। (कंडिका–51)

(x) संवेदक द्वारा बिना अनुमति एवं पूर्व सूचना के कार्य को 28 दिनों से अधिक अवधि तक बंद नहीं रखा जा रहा है। [कंडिका–52.2 (a)]

(xi) संवेदक को कार्य सुधार के लिए दिये गये निदेश के आलोक में कार्य सम्पादित किया जा रहा है। [कंडिका–52.2 (c)]

(xii) संवेदक द्वारा आवश्यकतानुसार प्रतिभूतियों का Extension कराया जा रहा है। [कंडिका–46.2 & 52.2(d)]

8. अधीक्षण अभियंता पर्यवेक्षण के उपरांत साप्ताहिक अन्तराल पर उपर्युक्त बिन्दुओं के संबंध में प्रतिवेदन अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, BRRDA को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी विचलन की स्थिति में एकरारनामा के शर्तों के आलोक में तत्काल कार्रवाई की विवरणी भी प्रतिवेदन में देंगे।

9. निविदा निष्पादन के क्रम में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर मुख्यालय को तुरंत सूचित किया जाए।

10. कार्य आवंटन आदेश में संवेदक का निबंधन संख्या, पूर्ण पता एवं दूरभाष संख्या अवश्य अंकित किया जाए।

11. अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता 24 घंटे के भीतर कार्य आवंटन आदेश निर्गत कर इसकी प्रति संबंधित मुख्य अभियंता एवं अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, BRRDA को उपलब्ध कराएंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 29/7/22 | 29/7/2022 | |
| (अशोक कुमार मिश्रा)<br>अभियंता प्रमुख,<br>ग्रामीण कार्य विभाग | (संजय दूबे)<br>अपर मुख्य कार्यपालक<br>पदाधिकारी–सह–सचिव,<br>BRRDA | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव, ग्रा०का०वि०–सह–<br>मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,<br>BRRDA |